अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

09 MARCH 2024

USEFUL FOR



IAS | PCS

& other civil services exams

**Sunil Lawania**
(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लेखिका सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए नामित किया**



- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लेखिका सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए नामित किया है.
- 73 वर्षीय मूर्ति को 2006 में पद्म श्री और 2023 में पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया था.
- जनवरी में राष्ट्रपति ने सतनाम सिंह संधू को राज्यसभा सदस्य के तौर पर मनोनीत किया था.
- राष्ट्रपति उच्च सदन के लिए 12 सदस्यों को मनोनीत कर सकता है.
- मशहूर लेखिका और समाज सेविका सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए नॉमिनेट किया गया है। सुधा मूर्ति मशहूर बिजनेसमैन और इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी हैं। ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक उनके दामाद हैं।
- सुधा मूर्ति को 2006 में पद्म श्री और 2023 में पद्म भूषण से सम्मानित किया जा चुका है।

2. **8 मार्च को को पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया**




- 8 मार्च को को पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है.
- इस दिवस की शुरुआत आज से लगभग 115 साल पहले अमेरिका से हुई थी जब 1908 में अमेरिका में महिलाओं ने अपने हक के लिए एक बड़ा आन्दोलन किया था.
- साल 2024 का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का अभियान "इंस्पायर इंक्लूजन" (Inspire Inclusion) पर आधारित है और इस साल का थीम "महिलाओं में निवेश: प्रगति में तेजी लाना" (Invest in women: Accelerate progress) है.

3. **स्वीडन औपचारिक रूप से ट्रान्साटलांटिक सैन्य गठबंधन 'नाटो' का नया सदस्य बन गया**



- यूरोपीय देश स्वीडन औपचारिक रूप से ट्रान्साटलांटिक सैन्य गठबंधन 'नाटो' का नया सदस्य बन गया है.
- यूक्रेन पर रूस के 2022 के आक्रमण के बाद यूरोप में रूसी आक्रामकता के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं.
- स्वीडिश प्रधान मंत्री उल्फ क्रिस्टरसन ने इस बात की घोषणा की है.
- **नाटो**
- नाटो - उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन - का गठन 1949 में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और फ्रांस सहित 12 देशों द्वारा किया गया था।
- इसका उद्देश्य सोवियत संघ - साम्यवादी राज्यों का एक समूह जिसमें रूस भी शामिल था, के विस्तार को रोकना था।

4. **यतिन भास्कर दुग्गल ने राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2024 में प्रथम पुरस्कार जीता**



- हरियाणा के यतिन भास्कर दुग्गल ने राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2024 में प्रथम पुरस्कार जीता है।
- जबकि तमिलनाडु की वैष्णा पिचाई ने दूसरा पुरस्कार और राजस्थान की कनिष्का शर्मा ने तीसरा पुरस्कार जीता।
- राष्ट्रीय युवा संसद 2024 'यंग वॉयस: एंगेज एंड एम्पावर फॉर नेशन ट्रांसफॉर्मेशन' थीम पर आधारित है।
- राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव (एनवाईपीएफ) 31 दिसंबर, 2017 को अपने मन की बात संबोधन के दौरान प्रधान मंत्री द्वारा पेश किए गए एक विचार पर आधारित है।

5. **जैसलमेर में भारत की तीनों सेनाओं का संयुक्त अभ्यास 'भारत-शक्ति' का आयोजन किया जायेगा**



- भारत की तीनों सेनाओं (थल सेना, नौसेना और वायु सेना) का संयुक्त अभ्यास 'भारत-शक्ति' (Bharat-Shakti) का आयोजन राजस्थान के जैसलमेर में स्थित एशिया की सबसे बड़ी फील्ड फायरिंग रेंज में किया जायेगा.
- 12 मार्च को होने वाले भारत-शक्ति अभ्यास में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान समेत तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी हिस्सा लेंगे.

6. **पनामा, आईएसए का 97वां सदस्य देश बना**



- सेंट्रल अमेरिकी देश पनामा आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में शामिल हो गया है.
- पनामा, आईएसए का 97वां सदस्य देश बना है.
- आईएसए की स्थापना भारत और फ्रांस के संयुक्त प्रयास के रूप में की गई थी.
- वर्तमान में, 116 देश आईएसए फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके है.

7. **विश्व का सबसे बड़ा साहित्यिक उत्सव-'साहित्योत्सव' 11-16 मार्च तक आयोजित किया जाएगा**




- साहित्य अकादमी द्वारा विश्व का सबसे बड़ा साहित्यिक उत्सव- 'साहित्योत्सव' 11 से 16 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।
- साहित्य अकादमी के 70 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस महोत्सव में सौ से अधिक प्रसिद्ध लेखक और विद्वान भाग लेंगे।
- महोत्सव के दौरान 190 से अधिक सत्र और देश की 175 से अधिक भाषाओं का भी प्रतिनिधित्व किया जाएगा।
- पुरस्कार प्रस्तुति समारोह की मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित उड़िया लेखिका प्रतिभा राय होंगी।
- संवत्सर व्याख्यान 13 मार्च को मेघदूत ओपन थिएटर में प्रसिद्ध उर्दू लेखक और गीतकार गुलज़ार द्वारा दिया जाएगा।

8. **टाइगर वुड्स को यूएसजीए के प्रतिष्ठित बॉब जोन्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया**



- प्रसिद्ध गोल्फर टाइगर वुड्स को यूएस गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) के सर्वोच्च सम्मान बॉब जोन्स पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- यह पुरस्कार यूनाइटेड स्टेट्स गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) द्वारा टाइगर वुड्स को दिया गया सर्वोच्च सम्मान है।
- यह प्रतिष्ठित पुरस्कार वुड्स के खेल कौशल के प्रति समर्पण, खेल की परंपराओं के प्रति उनके सम्मान और उनके महत्वपूर्ण धर्मार्थ प्रयासों को मान्यता देता है।

9. **मनीष प्रसाद को SAP भारतीय उपमहाद्वीप का अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया**




- जर्मन प्रौद्योगिकी प्रमुख SAP ने मनीष प्रसाद को SAP भारतीय उपमहाद्वीप के लिए अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है।

- वह कुलमीत बावा का स्थान लेंगे, जो वैश्विक ग्राहकों के लिए एसएपी बिजनेस टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म (एसएपी बीटीपी) के विकास और अपनाने के लिए वैश्विक भूमिका निभाते हैं।
- प्रसाद एसएपी को क्लाउड पर आगे बढ़ाने में मदद करेगा, जिससे सभी उद्योगों के ग्राहक एसएपी के साथ डिजिटल रूप से बदलाव कर सकेंगे
-

**10. पहला भारत स्टीम बॉयलर एक्सपो 2024 गुवाहाटी में आयोजित हुआ**

- 


- पहला भारत स्टीम बॉयलर एक्सपो 2024 असम के गुवाहाटी में वेटरनरी कॉलेज फील्ड में आयोजित किया गया था।
- एक्सपो का आयोजन असम के बॉयलर इंस्पेक्टरेट (सीआईबी) द्वारा किया जाता है और असम सरकार के श्रम कल्याण विभाग द्वारा समर्थित है।
- एक्सपो का लक्ष्य स्टीम बॉयलरों का उपयोग करने वाले विभिन्न क्षेत्रों की दक्षता और विकास में सुधार करना है।
- यह अग्रणी एक्सपो इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल), नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल), ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड (बीसीपीएल), असम पेट्रो केमिकल्स लिमिटेड और एनटीपीसी लिमिटेड उद्योग के दिग्गजों के बीच सहयोगात्मक प्रयास का परिणाम है।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाल ही में किसे राज्यसभा के लिए मनोनीत किया?**
   (a) उदय कोटक
   (b) अजय सिन्हा
   (c) सुधा मूर्ति
   (d) राज्यवर्धन सिंह राठौर
2. **अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**
   (a) 07 मार्च
   (b) 08 मार्च
   (c) 09 मार्च
   (d) 10 मार्च
3. **सैन्य गठबंधन नाटो का नया सदस्य कौन-सा देश बना है?**
   (a) ब्राजील
   (b) यूएई
   (c) अल्बानिया
   (d) स्वीडन
4. **राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2024 का प्रथम पुरस्कार किसने जीता है?**
   (a) अंशिका सिंह
   (b) कनिष्क शर्मा
   (c) वैष्ण पिचाई
   (d) यतिन भास्कर दुग्गल
5. **भारत की तीनों सेनाओं का संयुक्त अभ्यास 'भारत-शक्ति' का आयोजन कहां किया जायेगा?**
   (a) श्रीनगर
   (b) उधमपुर
   (c) जैसलमेर
   (d) अल्मोड़ा
6. **हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में कौन नया सदस्य बना है?**
   (a) पनामा
   (b) केन्या
   (c) चिली
   (d) अर्जेंटीना
7. **विश्व का सबसे बड़ा साहित्यिक उत्सव 'साहित्योत्सव' 11 से 16 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। यह निम्नलिखित में से किसके द्वारा आयोजित किया जाएगा?**
   (a) रिलायंस फाउंडेशन
   (b) केके बिड़ला फाउंडेशन
   (c) साहित्य अकादमी
   (d) इंफोसिस फाउंडेशन
8. **यूनाइटेड स्टेट्स गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) के प्रतिष्ठित बॉब जोन्स पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है?**
   (a) जस्टिन थॉमस
   (b) टाइगर वुड्स
   (c) एलिन नॉर्डग्रेन
   (d) जो लाकावा
9. **SAP भारतीय उपमहाद्वीप के अध्यक्ष और एमडी के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
   (a) गणेशन कन्नाबीरन
   (b) मनीष प्रसाद
   (c) प्रमोद शर्मा
   (d) परमिंदर चोपड़ा
10. **पहला भारत स्टीम बॉयलर एक्सपो 2024 किस शहर में आयोजित किया गया था?**
   (a) बेंगलुरु
   (b) नई दिल्ली
   (c) गुवाहाटी
   (d) अहमदाबाद

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (b) | (d) | (d) | (c) | (a) | (c) | (b) | (b) | (c) |